Regarding Train services in Ghosi Parliamentary Constituency

श्री राजीव राय (घोसी) : सभापति महोदया, मैं आपका ध्यान अपने लोक सभा क्षेत्र में रेलवे की तरफ दिलाना चाहता हूँ । अगर सरकार सर्वे करे तो वह पाएगी कि मऊ जनपद रेलवे के हिसाब से सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है । हमारे यहां से बड़े शहरों जैसे दिल्ली, मुम्बई के लिए किसी तरह की कोई भी डेली सुपरफास्ट ट्रेन नहीं है । मेरी पहली मांग यह है कि वंदे भारत ट्रेन जो बनारस से शुरू होती है, चूँकि हमारे यहां के लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिए बिहार जाना पड़ता है, बक्सर जाना पड़ता है तो यहां पर दिल्ली-मुम्बई के लिए वंदे भारत या राजधानी एक्सप्रेस की तरह एक डेली ट्रेन चलाई जाए ।

दूसरा, मऊ जिले का जो मुख्यालय है, वह एक हिस्से में बसा हुआ है । वहां सबसे ज्यादा आबादी दोहरीघाट इलाके में है । वहां के लोगों को आने में दो घंटे लग जाते हैं, क्योंकि वहां से ट्रेनें नहीं मिलती हैं तो मेरी आपके माध्यम से सरकार से मांग है कि मऊ से जो ट्रेनें हैं, वे दोहरीघाट से शुरू हों ।

तीसरा, हमारे यहां पर इलाहबाद यूनिवर्सिटी है, प्रयागराज हाईकोर्ट है तो वहां के लिए कोई सीधी ट्रेन नहीं है ।

माननीय सभापति **:** माननीय सदस्य, एक समय में एक विषय काफी है । आप कंप्लीट कीजिए ।

श्री राजीव राय **:** महोदया, यह बात ट्रेन से संबंधित है । इंटरसिटी एक्सप्रेस को दोहरीघाट से शुरू किया जाए और दक्षिण भारत के त्रिचुर और चेन्नई के लिए भी ट्रेन शुरू की जाए ।